# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 25.07.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रदेश में सोलर लाईट खरीदी में हुई कथित गड़बड़ी की जांच सदन की समिति करेगी–विधानसभा में आज कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पारित किया गया।

2– केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर सहित देशभर में संतावन स्थानों की पहचान की।

3– एनआईए ने देशभर में फंडिंग की जांच को लेकर आज भिलाई में एक एनजीओ के ठिकानों पर छापा मारा।

4– सुकमा जिले में तीन महिला सहित पांच इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

<u>विधानसभा–प्रश्नकाल</u>

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत की गई सोलर लाईट खरीदी में गड़बड़ी की जांच सदन की समिति करेगी। यह घोषणा आज विधानसभा में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने की। प्रश्नकाल में यह मुद्दा भाजपा विधायक लता उसेंडी ने उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार इक्कीस से चौबीस के बीच हुई सोलर लाईट खरीदी में गड़बड़ी हुई है।

प्रश्नकाल के दौरान ही भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला, राजेश मूणत, राजेश अग्रवाल, गजेंद्र सिंह, धर्मजीत सिंह और कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव ने अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों में जमीन रजिस्ट्री से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाया।

इसके जवाब में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आसंदी को बताया कि पंजीयन कार्यालयों को पारदर्शी बनाने के लिए कई तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। कैश भुगतान में भी पैन और आधार लिंक को अनिवार्य किया गया है। इसके बाद भी यदि कैश भुगतान लेन–देन में कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

<u>विधानसभा–विधेयक</u>

राज्य विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया है। इस विधेयक को पारित करने से पहले मत विभाजन हुआ। विधेयक के पक्ष में सैंतालीस और विपक्ष में सत्ताईस वोट पड़े।

वहीं, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक को सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक पर सदन में कल चर्चा होगी।

इससे पहले, सदन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले डेंगू और मलेरिया के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने स्थगन प्रस्ताव लाया। उन्होंने अस्पतालों में दवाइयों की कमी से मरीजों को हो रही परेशानी के साथ ही सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था का मामला उठाकर इस पर चर्चा कराने की मांग आसंदी से की। आसंदी ने कहा कि इस विषय पर चर्चा के लिए कल सदन में निर्णय लिया जाएगा।

सदन में आज भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के जरिये दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी दी कि तीन आईएएस अधिकारियों की कमेटी इस मामले की जांच कर रही है।

आज कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से मिनीमाता बांगो परियोजना के तहत नहर निर्माण शुरू नहीं होने का मामला सदन में उठाया। श्री पटेल ने इस मामले में जांच की मांग की। इस पर जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने इस मामले में किसी

भी गड़बड़ी से इंकार किया। इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।

अरूण साव–स्काईवॉक

राजधानी रायपुर में शास्त्री चौक पर अधूरे बने स्काईवॉक का निर्माण पूर्व में अनुमोदित योजना के हिसाब से ही पूरा किया जाएगा। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। इसके अलावा रायपुर में शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक की सड़क के चौड़ीकरण के बारे में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया है। यह समिति मुआवजे के साथ ही चौड़ीकरण के लिए जरूरी जमीन का परीक्षण करेगी। ये दोनों निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए।

स्वदेश दर्शन योजना

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर सहित देशभर में संतावन स्थानों की पहचान की है। इस योजना के तहत उनतीस परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 'मयाली बगीचा' सहित देश में बयालीस गंतव्यों को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान–प्रसाद योजना में छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर सहित देश में उनतीस परियोजनाओं को शामिल किया है।

एनआईए–छापा

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने देशभर में फंडिंग की जांच को लेकर आज भिलाई में एक एनजीओ के ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एनआईए की टीम ने एनजीओ संचालक कलादास डहरिया के घर पर पहुंचकर उनसे पूछताछ की। कलादास डहरिया रेला नाम का जनवादी सांस्कृतिक संगठन चलाते हैं। एनआईए कलादास के माओवादियों से संपर्क की भी जांच कर रही है।

माओवादी आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में सक्रिय तीन महिला सहित पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से तीन माओवादियों पर पांच–पांच लाख और दो माओवादियों पर दो–दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों को राज्य सरकार की ओर से पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

इसी जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा लगाया गया आईईडी बरामद किया है। माओवादियों ने यह आईईडी भेज्जी और कोत्ताचेरु के बीच बने पुल में सुरंग बनाकर लगाया था। कमांडेंट पार्थ घोष की मौजूदगी में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के जवानों ने डी–माइनिंग कर मुरुम और मिट्टी डालकर सुरंग को बंद कर दिया है।

एक पेड़ मां के नाम

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के आवासीय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी मां के सम्मान में बेल का पौधा लगाया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने सीताफल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने हनुमान फल और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नीम के पौधे का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में मंत्री, विधायकों और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे लगाए।

मुख्यमंत्री–ग्रीन स्टील समिट

नवा रायपुर में आज सीआईआई द्वारा ग्रीन स्टील समिट का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के प्रमुख उद्योगपति और व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़, देश का सबसे प्रमुख स्टील निर्माता है। उन्होंने कहा कि ग्रीन स्टील से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ ही आर्थिक संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिनिधियों से ग्रीन स्टील उत्पादन की नई तकनीक को अपनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया।

हाईकोर्ट–नया रोस्टर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने प्रकरणों की सुनवाई के लिए नया रोस्टर जारी किया है। हाईकोर्ट में चार डबल बेंच के अलावा दो स्पेशल बेंच और पंद्रह सिंगल बेंच का गठन किया गया है। नए रोस्टर के अनुसार कल से चार डबल बेंच और पंद्रह सिंगल बेंच में सुनवाई शुरू हो गई है।

ठगी

सक्ती जिलें में नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख साठ हजार रुपये की ठगी के मामले में बाराद्वार पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवती को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में एक आरोपी ने खुद को मंत्रालय में अधिकारी बताकर शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से करीब साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी की है। भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चूना पत्थर उत्खनन–कार्रवाई

राजनांदगांव जिले के चवेली गांव में चूना–पत्थर के अवैध उत्खनन के मामले में खदान के संचालक को पौने पांच करोड़ रूपये का अर्थदण्ड दिया गया है। वहीं संचालक के खिलाफ कानूनी प्रकरण दर्ज करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश पर की गई है। ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन की शिकायत प्रशासन से की थी, जिस पर अपर कलेक्टर न्यायालय ने बीते उन्नीस जुलाई को कार्रवाई का आदेश दिया।

अनुकंपा नियुक्ति

माओवादी हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में आज बीजापुर में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई। बैठक में माओवाद पीड़ित परिवारों के अंठावन लोगों को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि पात्र अंठावन आवेदकों को पहले चरण में जल्द अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी।

जैव विविधता संरक्षण–प्रशिक्षण

राज्य वन अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के कैम्पस में ''पैराटैक्सोनॉमी और जैव विविधता संरक्षण'' के लिए इक्कीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश में जैव विविधता के संरक्षण, संवर्धन और उचित प्रबंधन में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के पहले चरण में अड़तालीस प्रशिक्षणार्थी शामिल हो रहे हैं। ये छात्र–छात्राएं बी.एम.सी. समिति और प्रत्येक गांव में जाकर बारहवीं पास विद्यार्थियों तथा व्यक्तियों को प्रशिक्षित करेंगे।

गौरतलब है कि पैराटैक्सॉनामी तकनीकी प्रशिक्षण किसी पौधे की पहचान, उसके गुणों और उपयोग को जानने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान पूर्वानुमान जारी करते हुए प्रदेश के बिलासपुर, जशपुर, सूरजपुर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर जिले में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र सरगुजा संभाग के जिले होंगे। वहीं, कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

इस बीच, दुर्ग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। महमरा एनीकट से आठ फीट ऊपर पानी बह रहा है। मोंगरा जलाशय से फिलहाल दस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, धमधा के ग्राम पंचायत भाठाकोकड़ी में कुकरी नाला भी उफान पर है। जिला प्रशासन ने शिवनाथ नदी तट के सभी गांवों के लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

– कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती के अवसर पर कल छब्बीस जुलाई को रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी स्थित केन्द्रीय विद्यालय में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई और केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

– बलरामपुर के एडिशनल एसपी निमेष बरैया का रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पीलिया से पीड़ित थे। पांच दिन पहले ही उन्हें उपचार के लिए रायपुर लाया गया था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>